# पलामू में विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग की तैयारी पूरी, जीपीएस ट्रैकिंग और सीसीटीवी से होगी निगरानी

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग 13 नवंबर की सुबह सात बजे से शुरू होगी। पलामू में कुल 1796 मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 227 मतदान केंद्रों पर सोमवार को ही पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। 2024 का विधानसभा चुनाव खास होने वाला है, क्योंकि पलामू के सभी मतदान केंद्रों को जीपीएस से लैस किया गया है और इनकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी।

तीन मतदान केंद्र ऐसे हैं जो शैडो एरिया में स्थित हैं, जहां सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। पलामू में वोटिंग की तैयारी को लेकर राष्ट्रीय नवीन मेल ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी और पलामू डिप्टी कमिश्नर शशि रंजन से खास बातचीत की। शशि रंजन ने बताया कि चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बड़ी संख्या में कर्मचारियों को तैनात किया गया है, और कुछ को रिजर्व में रखा गया है। ईवीएम के लिए बैकअप प्लान तैयार किया गया है, ताकि अगर कोई मशीन खराब हो तो तुरंत उसे बदलकर ठीक कर लिया जाए।

**संवेदनशील क्षेत्रों और बिहार सीमा पर सीआरपीएफ की तैनाती :** डिप्टी कमिश्नर शशि रंजन ने यह भी बताया कि उन स्थानों पर जहां तीन से चार मतदान केंद्र एक ही जगह पर हैं, वहां सीआरपीएफ की तैनाती की गई है। इसके अलावा, इंटरस्टेट सीमा वर्ती इलाकों में भी सीआरपीएफ तैनात है। डीसी ने पलामू के नागरिकों से अपील की कि वे मतदान केंद्रों पर जाकर अपने वोट का इस्तेमाल करें।



### जीपीएस मॉनिटरिंग और कंट्रोल रूम से होगी निगरानी

डिप्टी कमिश्नर शशि रंजन ने बताया कि पलामू के सभी मतदान केंद्रों को जीपीएस से ट्रैक किया गया है और इनकी ऑनलाइन मॉनिटरिंग की जाएगी। जिला स्तर पर एक कंट्रोल रूम भी बनाया गया है, जिससे मतदान केंद्रों की पल-पल की जानकारी प्राप्त की जा सके। उन्होंने बताया कि दो तरह के कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। पहला कंट्रोल रूम वोटर टर्नआउट के लिए है, जहां 250 लोगों की टीम तैनात है। दूसरा कंट्रोल रूम पांच अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के लिए है, जहां हर क्षेत्र में 50-50 लोगों की टीम होगी, जो मतदान केंद्रों से जुड़े आंकड़े इकट्ठा करेगी।

## विधानसभा चुनाव में महिला मतदान कर्मियों का जोश, पहली बार मिली जिम्मेदारी निभाने को तैयार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** इस विधानसभा चुनाव में जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों में महिला मतदान कर्मियों को भी अहम भूमिका निभाने का अवसर मिला है। मेदिनीनगर के बारालोटा पोलिंग बूथ और रेड़मा बालिका मध्य विद्यालय में सभी मतदानकर्मियों की तैनाती महिला कर्मियों के रूप में की गई है। सहायक कर्मियों से लेकर पीठासीन अधिकारी और सुरक्षा व्यवस्था तक में महिलाएं अपनी भूमिका निभा रही हैं।

पोलिंग बूथ की जिम्मेदारी मिलने से महिला कर्मियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। मतदानकर्मी महिलाओं का कहना है कि चुनाव से जुड़ी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मॉक पोल सुबह पांच बजे शुरू होगा, और इसके लिए एजेंटों को सूचित कर दिया गया है।

मतदान कर्मी नेहा राज ने बताया कि वे पांकी विधानसभा में चुनाव कराने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। दूसरी ओर, मतदान अधिकारी द्वितीय अनुपमा पाठक ने कहा कि महिलाएं आज किसी भी कार्यक्षेत्र में पुरुषों के बराबर हैं और वे भी चुनाव संपन्न कराने में सक्षम हैं।

पहली बार मतदान कराने जा रहीं रागिनी गुप्ता ने कहा कि उन्हें पोलिंग बूथ की जो जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी निष्ठा के साथ निभाया जाएगा। महिला कर्मियों के इस जोश और समर्पण से यह साफ है कि वे चुनाव प्रक्रिया को सफल बनाने में पूरी तत्परता के साथ जुटी हुई हैं।

## मतदाता जागरूकता अभियान के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक आयोजित

▶▶ पूरे पलामू में मतदान बढ़ाने का संकल्प

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में झारखंड प्रदेश के संगठन मंत्री निलेश कटारिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर योजना बनाना था।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता पूरे पलामू जिले में मतदाताओं को अधिकाधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करेंगे। साथ ही, शारीरिक रूप से असमर्थ मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुँचाने में भी सहायता प्रदान करेंगे।

इस अवसर पर संगठन मंत्री निलेश कटारिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में परिषद के कार्यकर्ता मतदाता जागरूकता अभियान को सक्रिय रूप से चला रहे हैं, ताकि अधिकतम मतदान हो और एक सशक्त सरकार का गठन हो सके। राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडे ने भी कहा कि परिषद के कार्यकर्ता पूरे जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रयास करेंगे और आम नागरिकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील करेंगे।



बैठक में प्रमुख रूप से विभाग संयोजक अभय वर्मा, छात्रा प्रमुख दीक्षा कुमारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामाशंकर पासवान, अभिषेक कुमार रवि, राहुल कुमार चेरो, नगर मंत्री विपिन यादव, कार्यालय मंत्री उत्कर्ष तिवारी, आनंद कुमार, आशीष ओझा, राजन कश्यप, आकाश वर्मा, सुरभि ठाकुर, आदर्श पांडे, सुभाष राम, राहुल दुबे, रोहित कुमार, और रोहित गुप्ता समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मतदान अवश्य करें : डीईओ

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के महात्योहार के मौके पर आपकी वृहद सहभागिता अत्यावश्यक है। अन्यथा लोकतंत्र जिन सिद्धान्तों के आधार पर परिपक्व होता है। उसकी पूर्ति होना सम्भव नहीं है। उन्होंने कहा कि हमे उम्मीद है कि आप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निवार्चन की गरिमा को बनाये रखते हुए निर्भिक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपने मत का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि आप अपने मतदान केन्द्र पर मतदान के दिन अवश्य जायें और लोकतंत्र की सफलता, गतिशीलता एवं समावेशी-समतामूलक समाज की परिकल्पना को साकार करने में देश हित में 13 नवंबर 2024 को अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें।

## समाजसेवी रामदास साहू पर हमला, पूर्व विधायक के भाई सहित कई लोगों पर गंभीर आरोप

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी डॉ. शशि भूषण मेहता के समर्थन में चुनाव प्रचार कर रहे समाजसेवी रामदास साहू ने खुद पर जानलेवा हमले का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने तरहसी थाने में शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में उन्होंने पांकी के पूर्व विधायक देवेंद्र सिंह के भाई राजा विक्रम सिंह उर्फ बबलू सिंह, राकेश सिंह, गुड्डू मियां, ताराचंद यादव, राजेश यादव समेत 50 अज्ञात लोगों पर हमला करने का आरोप लगाया है।



रामदास साहू ने बताया कि ये सभी लोग लाठी-डंडों से लैस थे और हमला करने के लिए पहले से ही घात लगाए बैठे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि हमला करने के बाद हमलावर उन्हें मृत समझकर भाग गए और उनके सहयोगियों से भी मारपीट कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। साहू ने इस हमले की जांच कर दोषियों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## रेलवे ऑफिस के पास लूटकांड के दो अपराधी गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रामनगर रेलवे ऑफिस के पास लूटकांड के दो अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कन्नदु मोहल्ला निवासी राजू चंद्रवंशी ने आरोप लगाया था कि तीन अपराधियों ने उन्हें हथियार दिखाकर धमकाया, मारपीट की और 650 रुपये लूट लिए। इस मामले की प्राथमिकी शहर थाना में दर्ज की गई थी।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस को जानकारी मिली कि लूटकांड में शामिल तीन आरोपियों में से दो रामनगर रेलवे ऑफिस के पास महुआ के पेड़ के नीचे बैठे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देख अपराधी भागने लगे, परन्तु पुलिस ने उन्हें घेरकर पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में सन्नी कुमार (उम्र 20) पिता पारस राम और शुभम कुमार (उम्र 22) पिता विष्णु प्रसाद शामिल हैं, दोनों कन्नदु मोहल्ला के निवासी हैं।

तलाशी के दौरान सन्नी कुमार के पास से एक देसी कट्टा और एक गोली बरामद हुई, जबकि शुभम कुमार के पास से 455 रुपये मिले। इसके अलावा लूट में प्रयुक्त दोपहिया वाहन भी जब्त किया गया। पूछताछ में अपराधियों ने लूट की घटना को स्वीकार करते हुए तीसरे साथी का नाम भी बताया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि यह घटना नशे की सामग्री खरीदने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपियों का पूर्व में कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है। तीन में से दो आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, और तीसरे की तलाश जारी है।

छापेमारी दल में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, पु.अ.नि सोनू चौधरी, गुलशन बिरवा, अनिल कुमार सिंह, इंद्रदेव पासवान, राकेश कुमार सिंह, सूर्यनाथ सिंह, अमित कुमार, संतान कुमार मेहता, रोहित कुमार, मुकेश कुमार सिंह सहित अन्य जवान शामिल थे।

### पलामू में टीबी मुक्त पंचायत के लिए कार्ययोजना तैयार

## जिला क्षय रोग अधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों और तकनीशियनों के साथ की बैठक

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) में जिला क्षय रोग अधिकारी (जिला टीबी अधिकारी) पलामू द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारीयों और कर्मचारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और प्रयोगशाला तकनीशियन (एलटी) भी शामिल थे। बैठक का उद्देश्य तपेदिक (टीबी) मुक्त पंचायतों के लिए एक कार्ययोजना तैयार करना था, ताकि जिले में टीबी रोग के मामलों को कम किया जा सके और इस रोग से ग्रसित मरीजों को आवश्यक उपचार मुहैया कराया जा सके।

बैठक के दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी पलामू ने सभी उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी के लक्षणों, इसके रोकथाम के तरीकों और सरकार की टीबी मुक्त भारत मिशन के तहत चल रहे विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त पंचायत अभियान के तहत गांव-गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्थानीय समुदायों को टीबी के खतरों और उसके रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही, संदिग्ध मरीजों की पहचान कर उन्हें समय पर जांच और उपचार उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और प्रयोगशाला तकनीशियन को टीबी की पहचान, उपचार प्रक्रिया, और रोगियों के फॉलो-अप के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया। कार्ययोजना में नियमित स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, टीबी रोगियों की घर-घर जाकर जाँच और पहचान, टीबी के लिए मुफ्त दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करना, और स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाना शामिल है। जिला क्षय रोग अधिकारी पलामू ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों से अपील की कि वे अपने-अपने पंचायतों में सक्रिय भूमिका निभाते हुए इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें।

आयोजन के अंत में सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने टीबी मुक्त पंचायत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पूरी तरह से समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## 86 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे 17 लाख से अधिक मतदाता

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले की पांच विधानसभा सीटों–डाल्टनगंज, पांकी, विश्रामपुर, हुसैनाबाद, और छतरपुर–में कुल 86 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बुधवार को इन प्रत्याशियों का भाग्य मतदान के बाद ईवीएम में बंद हो जाएगा। जिले में कुल 17,12,020 मतदाता इन 86 प्रत्याशियों का भविष्य तय करेंगे।

**डाल्टनगंज विधानसभा :** इस सीट पर कुल 23 प्रत्याशी मैदान में हैं। मतदान के लिए 3,98,314 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 2,04,257 पुरुष और 1,94,055 महिलाएं शामिल हैं।

**पांकी विधानसभा :** पांकी सीट पर 14 प्रत्याशी चुनाव में हिस्सा ले रहे हैं। इस क्षेत्र में कुल 3,22,385 मतदाता हैं, जिनमें 1,64,829 पुरुष और 1,57,556 महिला मतदाता शामिल हैं।

**विश्रामपुर विधानसभा :** विधानसभा संख्या 77 विश्रामपुर में इस बार 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। यहां कुल 3,55,758 मतदाता हैं, जिनमें 1,85,791 पुरुष और 1,69,967 महिलाएं हैं।

छतरपुर विधानसभाः अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित इस विधानसभा सीट पर कुल 14 प्रत्याशी हैं। यहां 3,16,061 मतदाता हैं, जिनमें 1,62,627 पुरुष और 1,53,434 महिला मतदाता शामिल हैं।

**हुसैनाबाद विधानसभा :** हुसैनाबाद में 18 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। इस क्षेत्र में कुल 3,19,502 मतदाता हैं, जिनमें 1,65,506 पुरुष और 1,53,996 महिलाएं शामिल हैं। जिले के सभी पांच विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की संख्या के आधार पर प्रत्याशियों के भाग्य का निर्णय होगा।

## हरिहरगंज और पिपरा में शांतिपूर्ण मतदान के लिए 4 कंपनी अर्धसैनिक बल तैनात

नवीन मेल संवाददाता



**हरिहरगंज।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण के तहत आज होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए हरिहरगंज प्रखंड में तीन और पिपरा प्रखंड में एक कंपनी अर्धसैनिक बल की तैनाती की गई है। हरिहरगंज और पिपरा के 91 मतदान केंद्रों पर कुल 85,550 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

हरिहरगंज प्रखंड के 61 मतदान केंद्रों पर 29,233 पुरुष और 27,678 महिलाएं (कुल 56,911 मतदाता) तथा पिपरा प्रखंड के 30 मतदान केंद्रों पर 14,793 पुरुष और 13,846 महिलाएं (कुल 28,639 मतदाता) मतदान करेंगे। शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रशासन ने व्यापक तैयारी की है। पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि निर्भीक और शांति पूर्ण मतदान कराने के लिए सीआरपीएफ, एसएसबी, बीएसएफ के साथ जिला बल और एसटीएफ की भी तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त, पुलिस प्रशासन लगातार पेट्रोलिंग करेगा। उन्होंने जनता से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की है, प्रशासन शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए कटिबद्ध है।

## देवउठनी एकादशी के साथ शुरू हुआ मांगलिक कार्यों का शुभ संयोग

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** हिंदू धर्म में कई व्रत-त्योहारों का विशेष महत्व है, जिनसे शुभ फल की प्राप्ति होती है। हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष में मनाई जाने वाली देवउठनी एकादशी मंगलवार को मेदिनीनगर में विधि-विधान के साथ मनाई गई। इसे देवोत्थान और देव प्रबोधिनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है।

इस दिन भगवान विष्णु के स्वरूप शालिग्राम का विवाह तुलसी मां के साथ संपन्न किया गया। मान्यता है कि तुलसी विवाह से घर में सुख और समृद्धि आती है, और जो लोग इस व्रत का पालन करते हैं, तुलसी माता के आशीर्वाद से उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। विशेष रूप से जिन युवक-युवतियों की शादी में बाधाएं आती हैं, वे इस व्रत को धारण करते हैं।



देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु की विधिवत पूजा की जाती है, क्योंकि मान्यता है कि इस दिन वे लगभग चार महीने की योगनिद्रा से जागते हैं। इस दिन के बाद से मांगलिक कार्यों की शुरूआत मानी जाती है।

इस वर्ष भगवान विष्णु 3 महीने 26 दिन की योगनिद्रा में थे और 12 नवंबर से शादियों का शुभ मुहूर्त प्रारंभ हो गया है, जो अगले साल 6 जुलाई तक रहेगा। इसके बाद भगवान पुनः योगनिद्रा में चले जाएंगे।

इस पर्व के दौरान श्रद्धालु दीपक जलाकर तुलसी मां को लाल वस्त्र ओढ़ाते हैं और शाम में श्रृंगार सामग्री अर्पित करते हैं। सुबह श्रद्धालु तुलसी मां का सिंगार भी करते हैं।

## पारिवारिक विवाद में हमला वृद्ध गंभीर रूप से घायल

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मंगलवार सुबह नारद दुबे ने अपने ही भाई सीताराम दुबे पर कटार से हमला कर दिया। जिससे सीताराम दुबे(उम्र 72) घायल हो गए। घायलावस्था में परिजनों ने उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर उनका इलाज चल रहा है। सीताराम दुबे के पूरे शरीर पर कटार से हमला किया गया है। जिस कारण उनके शरीर के कहीं हिस्से ल.हूलुहान हो गए हैं। चिकित्सकों के मुताबिक उनके शरीर पर 15 से अधिक टांके लगे हैं। सीताराम दुबे ने बताया वह नारद दुबे के डर से गढ़वा में डेरा लेकर रहते थे। लेकिन वह वर्तमान में विधानसभा चुनाव में वोट देने के लिए अपने घर आए थे।इसी दौरान जब मंगलवार सुबह वह अपने दोस्त भिखारी मांझी के यहां बैठे थे, तभी उन पर नारद दुबे की पुत्री गायत्री देवी की नजर पड़ी। इसके बाद वह अपने पिता नारद दुबे से जाकर कहती है कि सीताराम दुबे घर आए हुए हैं और भिखारी मांझी के यहां बैठे हुए हैं। इस पर नारद दुबे अपने हाथ में कटार लेकर के आए और अचानक से हमला करने लगे, जिससे वे घायल हो गये। उनका पूरा शरीर खून से लटपट हो गया।



सीताराम दुबे ने बताया कि उनका भाई नारद दुबे का यह आरोप है कि 2019 में वे उनके लड़के का मर्डर करवा दिए हैं।

